वर्ष-15, अंक-08 वि.सं. 2076, युगाब्द 5121 अक्टूबर 2019 मूल्य : 20.00
सदस्यता शुल्क : संरक्षक : रु. 5000/- आजीवन : रु. 2000/- वार्षिक : रु. 200/-

मासिक पत्रिका

सेवा संवाद

150

बापू... क्या खोया क्या पाया?

गाँधी के सपनों को जीता संघ

भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा प्रकाशित मासिक पत्र

सेवा संवाद

वर्ष-15, अंक-08 | वि.सं. 2076, युगाब्द 5121 | अक्टूबर 2019 | मूल्य : 20.00

सदस्यता शुल्क : संरक्षक : रु. 5000/- आजीवन : रु. 2000/- वार्षिक : रु. 200/-

मार्गदर्शक

डॉ0 अवधेश प्रसाद सिंह
अध्यक्ष

डॉ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह
सचिव

राहुल सिंह
सहसचिव

ब्रह्मदेव शर्मा
संस्थापक न्यासी

सम्पादक
डॉ. शिवभूषण त्रिपाठी
मो. 09451176775

सह सम्पादक
राजेश
मो. 09793120738

प्रबन्धक
विजय अग्रवाल
मो. 9415020996

मुद्रक एवं प्रकाशक
जितेन्द्र कुमार अग्रवाल
मो. 9415003111

कार्यालय : **भाऊराव देवरस सेवा न्यास**
सी-91, निरालानगर, लखनऊ (उ.प्र.) 226020
दूरभाष : 0522-4001837, 2789406
Email : sewasamwad@gmail.com

आलोक : *प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार हैं।*
प्रकाशक एवं सम्पादक का उससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सहयोग राशि नकद अथवा चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा 'सेवा संवाद (भाऊराव देवरस सेवा न्यास)' के पक्ष में जो लखनऊ में देय हो, भेजने की कृपा करें अथवा हमारे बैंक ऑफ इण्डिया, निराला नगर, लखनऊ (IFSC : BKID0006806) के खाता संख्या 680610110000102 में जमा/अन्तरित करा कर कार्यालय पते पर सूचित करने की कृपा करें।

इस अंक में

1.	अपनी बात	डॉ. शिवभूषण त्रिपाठी	5
2.	आत्मावलोकन	राजेश	6
3.	महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती	नरेन्द्र मोदी	8
4.	गाँधी मार्ग का अभिभावक अनुपम मिश्र	मनोज कुमार झा	11
5.	गाँधी जी की मानव दृष्टि : नियति और संभावना	गिरीश्वर मिश्र	14
6.	महात्मा गाँधी : समाज सुधारक	पंकज चतुर्वेदी	16
7.	गाँधीजी और स्वच्छता	सुदर्शन अयंगर	18
8.	महात्मा और संघ	डॉ0 मनमोहन वैद्य	21
9.	चरखे का सन्देश	संकलन	23
10.	गाँधीजी के प्रयास : भारत में स्वच्छता	रोहित मौर्य	24
11.	तुलसी की पत्तियों को ..... दूर होगा माइग्रेन	साभार नवभारत टाइम्स	27
12.	गाँधी एवं स्वच्छता शिक्षा	संकलन	28
13.	महात्मा गाँधी : भारत में स्वच्छता और सफाई के अगुवाकार	संकलन	33
14.	महात्मा गाँधी का जीवन एवं कार्यों की चित्र प्रदर्शनी	साभार	37
15.	बापू की दृष्टि में मातृ–शक्ति	संकलन	41
16.	"गाँधी न्यूरॉन्स फायरिंग" शांति और विकास	संकलन	44
17.	गाँधी के ट्रस्टीशिप के सि(ांत की सामाजिक जिम्मेदारी	संकलन	46
18.	हिंसा और आतंकवाद	संकलन	49
19.	गांधी जी को सुभाष जी का पत्र	संकलन	50
20.	बापू और क्रांतिकारी	संकलन	52
21.	गाँधी और चीनी युवा	संकलन	53
22.	दीनबन्धु सी.एफ.एंड्रयूज	संकलन	55
23.	जब गाँधीजी ने सूट–बूट छोड़ धोती अपनाई	रूचिरा गुप्ता	57
24.	गाँधी जी के चरखे के इन चमत्कारी रूपों पर	संकलन	60
25.	बापू के साथ कुछ पल	संकलन	63
26.	महात्मा गाँधी का साक्षात्कार	संकलन	64
27.	महात्मा गाँधी पर क्विज	संकलन	65

आप भी लिखें

सेवा संवाद के आप सुधी पाठक हैं, आपके विचार, सुझाव हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहे हैं। सेवा सम्बन्धी आलेख, सेवा के प्रेरक प्रसंग, सेवा कार्य के उल्लेखनीय व्यक्तित्व, सेवा सस्थानों का परिचय एवं उनके कार्य, सेवा को प्रोत्साहित करने वाली घटनाएं, काव्य–गीत, कथा–कहानी आदि विषयों पर सामग्री प्रकाशित करना हमारा उद्देश्य हैं। अस्तु आप से प्रार्थना है कि हमारी सीमाओं को ध्यान में रखते हुए अपना आलेख भेजकर हमारा सहयोग करने का कष्ट करें। प्रत्येक अंक में प्रकाशित आलेखों पर आप अपनी प्रतिक्रिया प्रेषित करें। पुनश्च, जिन बन्धुओं की वार्षिक सदस्यता शुल्क देय हो गये हैं तथा जो आजीवन ग्राहक बनना चाहते हैं उन सभी से प्रार्थना है कि अपेक्षित शुल्क भेज कर हमें अनुगृहीत करें।

हमारा पता है–

E-mail : sewasamwad@gmail.com / sevasamvad@outlook.com

सेवा संवाद

सी-91 निराला नगर, लखनऊ - 226020 उत्तर प्रदेश

मो0 : 9450020514, 9454049918

अपनी बात

स्वस्थ व्यक्ति कौन है? यह एक सामान्य धारणा है कि यदि व्यक्ति शरीर से बीमार नहीं है तो वह स्वस्थ है परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है जो व्यक्ति तन से मन से सामाजिक रूप से तथा आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ्य है वही व्यक्ति स्वस्थ है केवल बीमारी का नहीं होना ही अच्छे स्वास्थ्य का लक्षण नहीं है। चिकित्सक स्वस्थ रहने में हमारी सहायता करता है। स्वस्थ रहना तो स्वयं अपने ऊपर निर्भर करता है। स्वस्थ रहने के लिए परिवार, समाज, राष्ट्र, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, मन की शान्ति, साधनों की उपलब्धता आदि इन सबका बहुत बड़ा योगदान रहता है। शरीर स्थूल है और आत्मा सूक्ष्म। शरीर के बिना जीवन सम्भव नहीं है और आत्मा के बिना शरीर निष्प्राण है। मन पर नियन्त्रण घटने से अशान्ति, उच्च रक्त–चाप, मधुमेह, दमा, कैंसर आदि रोगों की संख्या में वृद्धि होती है तन, मन और धन तीनों स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। मन को मारना नहीं अपितु मन पर नियन्त्रण करना –**''रूखा सूखा खाइ कै ठण्डा पानी पीव। देखि पराई चूपड़ी मत ललचावै जीव''** यही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र ये तीन ऐसे तत्व हैं जो एक दूसरे के पूरक हैं। व्यक्ति और समाज दोनों स्वस्थ होने पर स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सकता है अस्तु मन को स्वस्थ रखने के लिए हम परोपकारी मनःस्थिति रखें। मन स्वस्थ्य रहने पर तन स्वस्थ हो ही जायेगा तथा धन भी आयेगा।

तन के महत्व को दर्शाते हुए **'शरीर माद्यं खलु धर्म साधनम्'** कहा गया है अस्तु तन को स्वस्थ रखने के लिए अधोलिखित तथ्यों पर ध्यान देना सभी के लिए आवश्यक है 1–व्यायाम 2–योग एवं प्राणायाम 3–प्रकृति से निकटता 4–व्यक्तिगत स्वच्छता 5–शुद्ध पेय जल 6– सन्तुलित एवं पौष्टिक आहार 7–विश्राम 8–निद्रा 9–पर्यावरण पर विशेष ध्यान एवं 10–नियमित स्वास्थ्य परीक्षण **स्वच्छता** – सफाई पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी बहुत बल देते रहे इसके साथ ही शरीर–श्रम को भी वे स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए परम आवश्यक मानते रहे। आज शारीरिक श्रम से दूर रह कर बहुत प्रकार के रोगों से ग्रसित मानव स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम की महत्ता को समझ गया है। यह बात कुछ और है कि व्यावहारिक धरातल पर अभी हम श्रम से बचने की कोशिश करते हैं। महात्मा गाँधी जी का बहुआयामी व्यक्तित्व, उनका जीवन दर्शन, उनके अहिंसा के पांच स्तम्भ : 1–सम्मान, 2–समझ, 3–स्वीकृति, 4–प्रशंसा और 5–करुणा मानव जीवन के अस्तित्व के अत्यन्त उपयोगी हैं। ये सरल आदतें सदगुण स्वरूप हैं। हम इनका पालन पोषण करते हुए दुनियाँ में बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इन आदतों को अपनाकर हम न केवल खुद खुश रह सकते हैं बल्कि दूसरों को खुश रखने में योगदान कर सकते हैं। इसी कड़ी में **बहुजन हिताय बहुजन सुखाय** की भावना से वर्तमान समय में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता को एक अभियान के रूप में चलाया है। शारीरिक, मानसिक, धार्मिक, अध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक सभी रूपों में शुद्धता–स्वच्छता को अपनाकर हम स्वस्थ रहने का शुभ संकल्प लेकर सुखी रहें। आनन्दमय जीवन व्यतीत करें इसी आशा–आकांक्षा के साथ यह अंक आप को समर्पित है।

शिव

बापू का प्रिय भजन

वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड परायी जाणे रे।
पर दुःखे उपकार करे तो ये, मन अभिमान न आणे रे।।
वैष्णव जन तो तेने कहिये.....

सकळ लोक मां सहुने वंदे, निंदा न करे केनी रे।
वाच काछ मन निश्चळ राखे, धन धन जननी तेनी रे।।
वैष्णव जन तो तेने कहिये.....

समदृष्टि ने तृष्णा त्यागी, परस्त्री जेने मात रे।
जिह्वा थकी असत्य न बोले, परधन नव झाले हाथ रे।।
वैष्णव जन तो तेने कहिये.....

मोह माया व्यापे नहि जेने, दृढ वैराग्य जेना मनमां रे।
रामनाम शुं ताळी रे लागी, सकल तीरथ तेना तनमां रे।।
वैष्णव जन तो तेने कहिये.....

वणलोभी ने कपटरहित छे, कामक्रोध निवार्या रे।
भणे नरसैयो तेनुं दरसन करतां, कुळ एकोतेर तार्या रे।।
वैष्णव जन तो तेने कहिये.....

निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर तथा फल वितरण

सेवा संवाद की विशेष कवरेज के अनुसार अन्त्योदय हेल्थ मिशन एवं किंगजार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन–ग्राम–रसूलपुर आशिक अली में ब्लाक गोसाइंगंज–जिला–लखनऊ में सम्पन्न हुआ। जिसमें 2014 मरीजों का निःशुल्क चेकअप विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं सभी मरीजों को निःशुल्क दवा तथा चश्मे वितरित किये गये। जिसमें से नेत्र के 825 मरीज, दन्त–222, स्त्रीरोग–172, बालरोग–125, मेडिसिन–670 जिसमें–466 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किये गये जिनकी कीमत रु. 137,470/– एवं रु. 143,476/– रुपये की दवा एवं रु. 62,650/– के फल वितरित किये गये शुगर के 160 मरीजों की जाँच एवं दवा बी.पी. के 378 मरीजों की जांच एवं दवा का वितरण किया गया।

विशेष रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान स्वतंत्रदेव सिंह जी, श्री अतुल गर्ग जी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र अग्रवाल किंगजार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डॉ0 मदनलाल ब्रहम् भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक–प्रोफेसर डॉ0 सत्यनारायण शंखवार जी व 33 चिकित्सकों की टीम, 12 पैरामेडिकल स्टाफ व नेत्र कुम्भ चिकित्सालय के 7 कर्मचारी व स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

के और लोगों के साथ मिलकर के, सभी वर्गों के साथ मिलकर के, सभी आयु के लोगों के साथ मिलकर के गाँव हो, शहर हो, पुरुष हो, स्त्री हो, सब के साथ मिलकर के, समाज के लिये, क्या करें एक व्यक्ति के नाते, मैं उन प्रयासों में क्या जोड़ूं। मेरी तरफ से value addition क्या हो? और सामूहिकता की अपनी एक ताकत होती है। इस पूरे, गाँधी 150, के कार्यक्रमों में, सामूहिकता भी हो, और सेवा भी हो। क्यों ना हम मिलकर के पूरा मोहल्ला निकल पड़े। अगर हमारी फुटबाल की टीम है, तो फुटबाल की टीम, फुटबाल तो खेलेंगे ही लेकिन एक–आध गाँधी के आदर्शों के अनुरूप सेवा का काम भी करेंगे। हमारे ladies club हैं। आधुनिक युग के ladies club के जो काम होते हैं वो करते रहेंगे, लेकिन, ladies club की सभी सखियाँ मिलकर के कोई ना कोई एक सेवा कार्य साथ मिलकर के करेंगे। बहुत कुछ कर सकते हैं। किताबें इकट्ठी करें पुरानी, गरीबों को बांटें, ज्ञान का प्रसार करें, और मैं मानता हूँ शायद 130 करोड़ देशवासियों के पास, 130 करोड़ कल्पनायें हैं, 130 करोड़ उपक्रम हो सकते हैं। कोई सीमा नहीं है जो मन में आये – बस सदइच्छा हो, सदहेतु हो, सदभाव हो और पूर्ण समर्पण भाव की सेवा हो और वो भी स्वांत: सुखाय: – एक अनन्य आनंद की अनुभूति के लिये हो।

मेरे प्यारे देशवासियों, कुछ महीने पहले, मैं, गुजरात में दांडी गया था। आजादी के आंदोलन में 'नमक सत्याग्रह', दांडी, एक बहुत ही बड़ा महत्वपूर्ण turning point है। दांडी में, मैंने, महात्मा गाँधी को समर्पित अति–आधुनिक एक museum का उद्घाटन किया था। मेरा, आपसे जरूर आग्रह है, कि, आप भी, आने वाले समय में महात्मा गाँधी से जुड़ी कोई न कोई एक जगह की यात्रा जरूर करें। यह, कोई भी स्थान हो सकता है जैसे पोरबंदर हो, साबरमती आश्रम हो, चंपारण हो, वर्धा का आश्रम हो और दिल्ली में महात्मा गाँधी से जुड़े हुए स्थान हों, आप जब, ऐसी जगहों पर जाएँ, तो, अपनी तस्वीरों Social Media पर साझा जरुर करें, ताकि, अन्य लोग भी उससे प्रेरित हों और उसके साथ अपनी भावनाओं को व्यक्त करने वाले दो–चार वाक्य भी लिखिए। आपके मन के भीतर से उठे हुए भाव, किसी भी बड़ी साहित्य रचना से, ज्यादा ताकतवर होंगे और हो सकता है, आज के समय में, आपकी नजर में, आपकी कलम से लिखे हुए गाँधी का रूप, शायद ये अधिक भी लगे। आने वाले समय में बहुत सारे कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनियों की योजना भी बनाई गई है। लेकिन इस संदर्भ में एक बात बहुत रोचक है जो मैं आपसे साझा करना चाहता हूँ। Venice Biennaleuke का एक बहुत प्रसिद्ध Art Show है। जहाँ दुनिया भर के कलाकार जुटते हैं। इस बार Venice Biennaleds India Pavilion में गाँधी जी की यादों से जुड़ी बहुत ही Interesting प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें हरिपुरा Panels विशेष रूप से दिलचस्प थे। आपको याद होगा कि गुजरात के हरीपुरा में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था जहाँ पर सुभाष चन्द्र बोस के President elect होने की घटना इतिहास में दर्ज है। इन art panels का एक बहुत ही खूबसूरत अतीत है।

कांग्रेस के हरिपुरा session से पहले 1937–38 में महात्मा गाँधी ने शांति निकेतन कला भवन के तत्कालीन principal नन्दलाल बोस को आमन्त्रित किया था। गाँधी जी चाहते थे कि वे भारत में रहने वाले लोगों की जीवनशैली को कला के माध्यम से दिखाए और उनकी इस art work का प्रदर्शन अधिवेशन के दौरान हो। ये वही नन्द लाल बोस है जिनका art work हमारे संविधान की शोभा बढ़ाता है। संविधान को एक नई पहचान देता है।

अनुपम मिश्र

गाँधी-मार्ग का अभिभावक

❑ मनोज कुमार झा

रचनात्मक संस्थाओं के सम्पर्क में अस्सी के दशक से हूँ। मेरे लिये अच्छी बात यह रही कि इस दौरान जो भी सम्पर्क बना या जो भी काम किया वह वैसा ही काम था जिसे हम गाँधीवादी दृष्टि से देखते हैं। हालांकि गाँधीवाद शब्द इस्तेमाल करना खुद मुझे अच्छा नहीं लग रहा क्योंकि यह कभी राष्ट्रपिता को भी पसन्द नहीं आया था।

खैर! यह तो रही बातों को थोड़ी गहराई से समझने की बात। अपनी बात को आगे बढ़ाऊँ तो मेरे जीवन में जो सबसे बड़ी शख्सियत आये जिनके साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला– वे थे प्रेमभाई। प्रेमभाई के साथ ही पहली बार दिल्ली आया। और इस तरह कह सकते हैं कि दिल्ली में अनुपम भाई से मुझे प्रेमभाई ने ही मिलाया।

अनुपम भाई पहली ही भेंट में मन पर गहरी छाप छोड़ गए। साहित्य की बहुत ज्यादा समझ नहीं पर यह समझता था कि अनुपम भाई जो लिखते हैं वह वाकई हर लिहाज से अनुपम ही होता है। सोचता था इनके साथ मिलकर कभी काम करने का मौका मिले तो जैसे एक पिपासु छात्र को श्रेष्ठ शिक्षक मिल जाएगा।

आखिरकार यह तमन्ना पूरी तो हुई लेकिन तकरीबन एक दशक के इन्तजार के बाद। मुझे याद है कि गाँधी–मार्ग में मैं जब आया तो वे इस पत्रिका के कार्यकारी सम्पादक थे। उन्होंने 'आज भी खरे हैं तालाब' के प्रकाशन की व्यस्तता के कारण सम्पादन का काम छोड़ दिया था। मुझे लगा ईश्वर ने एक बड़ा अवसर तो दिया लेकिन कुछ कमी रह गई।

एक दिन बहुत उदास होकर उनके पास पहुँचा और कहा कि अब 'गाँधी–मार्ग' का सम्पादन कैसे होगा। उन्होंने अपनी विनम्र और स्मित मुस्कान के साथ कहा, 'मैं प्रतिष्ठान छोड़कर नहीं जा रहा हूँ भाई। सम्पादन की जिम्मेवारी छोड़ी है, गाँधी–मार्ग नहीं छोड़ा है। वैसे भी गाँधी–मार्ग हम सबके चलने के लिए है, न कि बैठकर कोई इसकी चाकरी करे, जैसे सरकारी राजमार्गों और पुल–पुलियों पर नाका बिठाकर टोल वसूलने वाले करते हैं। नए सम्पादक आएँगे वे और अच्छे से गाँधी–मार्ग निकालेंगे। मैं तो मदद में रहूँगा ही।' थोड़े दिन ऐसा ही चला। पर बाद में बुरा यह हुआ कि कुछ वजहों से गाँधी–मार्ग का प्रकाशन बन्द हो गया।

सितम्बर 2006 में गाँधी शान्ति प्रतिष्ठान की संचालन समिति ने एक बार फिर उन्हें गाँधी–मार्ग की सम्पूर्ण जिम्मेवारी सौंपते हुए प्रकाशित करने का आग्रह किया उन्होंने दो दिन का समय माँगा। इन दो दिनों में उनसे कई दौर की बात हुई। उन्होंने गाँधी–मार्ग के प्रकाशन के आर्थिक सामाजिक सरोकार से मुझे अवगत कराया। प्रकाशन के हर छोटे–छोटे पहलू बताए। कहा कि वर्तनी का ध्यान पहले कदम से होना चाहिए। मुझे उन्होंने पत्रिका को होने वाली तरह–तरह की समस्या से भी अवगत कराया।

मेरे लिये यह सारा अनुभव बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर सुनने और समझने का था। वे जो कह रहे थे वह तो गम्भीरता से मन में बैठ ही रहा था कहने और सिखाने का उनका तरीका कायल करता जा रहा था। इसी दौरान उनकी कही एक बात जो उनके न रहने पर सबसे ज्यादा याद आ रही है– वह है भाषा को लेकर उनकी हिदायत। उन्होंने कहा, 'मनोज, यह भाषा का गाँधी–मार्ग है।'

खासतौर पर हम जैसे लोगों को यह हमेशा याद रखना होगा। हिंसा भाषा की भी होती है। भाषा भ्रष्ट भी होती है। दुर्भाग्य से पूरी हिन्दी पत्रकारिता ने जैसे भाषा का अनुशासन ही छोड़ दिया है। हमारे लिये जरूरी है कि हम सुन्दर, संवेदनशील और अहिंसक भाषाशैली को अपनाएँ। खुद गाँधीजी ने ऐसा किया। 'गाँधी–मार्ग' की भाषा ऐसी होनी चाहिए जिसमें न तो बेवजह का जोश दिखे और न

ऐसा कि यहाँ काम करने वाले सबके वे हमेशा प्रिय बने रहे। यहां तक कि बहुत ना–ना करने के बाद जब वे कुछ समय के लिये यहाँ कार्यकारी सचिव और बाद में सचिव पद की जवाबदेही सम्भाली तो न उन्होंने अपने बैठने की व्यवस्था बदली और न ही सहयोगियों के साथ सलूक। पता नहीं कैसे वे अपने व्यस्त दिनचर्या में भी हर एक के हर छोटी–बड़ी समस्या में स्नेह से सहयोग करते थे। सबका ध्यान रखते।

एक जीवन कैसे व्यवहार से लेकर अक्षर तक प्रेरक और अनुपम बनता है, अनुपम भाई इसके मिसाल थे। कभी कोई बात लिखते या बोलते हुए उनकी नसीहत जैसे मार्ग दिखाती है कि मर्म की जगह बेवजह का शब्दाडंबर क्यों? बात कहनी है तो सरलता से कहो, लेखन और कथन में इतना बनावटीपन क्यों? यह भी कि गाँधी का नाम लेने से न तो कोई बात बड़ी होती है और न ही कोई व्यक्ति। जीवन तो वैसे ही लोगों का अनुपम होगा, जो अनुपम भाई की तरह पानीदार होंगे।

पानी पर लिखने–बोलने वाला, पानी के संकट को लेकर सतर्क करने वाला वह शख्स आज भले हमारे बीच न हो पर हम सबको जैसे समझा रहा हो कि सीखना है तो मुझसे क्या, पानी से सीखो। सीखो उन पुरखों से जिन्होंने पानी के साथ कभी मनमानी नहीं की। भाषा भी तो रोड़े या पत्थर की तरह नहीं बल्कि पानी की तरह होनी चाहिए। पर पानीदार भाषा का झाँसा कोई दे भी सकता है इसलिये ज्यादा जरूरी है कि भाषा ही नहीं भाषी का जीवन भी पानी जैसा हो।

अनुपम भाई ने पानी पर बहुत लिखा, पर वह पानी के साथ धुलेगा नहीं बल्कि रचना और समाज से जुड़े लोगों को बार–बार यह याद दिलाएगा कि अगर कबीर के साथ उसका बेदाग चादर था तो हमारे समय को यह आगे बढ़कर कहना होगा कि हमारे साथ पानी है, पानी जैसी वाणी है और इन सबसे ज्यादा पानी का वह समन्वयी गुण है जो मेल कराता है, खल और खेल नहीं। यही तो वह गाँधी–मार्ग है जिस पर सालों अँगुली पकड़कर मुझ जैसे न जाने कितने मनोज को उन्होंने चलना सिखाया।

❑

क्रियात्मक राजनीति

उन्हें क्रियात्मक राजनीति से अलग रहना ही चाहिये। यह देश के इकतरफा विकास की निशानी है कि सब दलों ने विद्यार्थी–जगत् का अपने–अपने मतलब से उपयोग किया है। यह शायद उस सूरत में अनिवार्य था जब शिक्षा का मकसद ऐसे गुलामों की नस्ल पैदा करना था जो अपनी दासता से चिपटे रहना चाहें। आशा है वह काम खत्म हो गया। विद्यार्थियों का पहला काम है विचार करके यह मालूम करना कि स्वतंत्र राष्ट्र के बच्चों को कैसी शिक्षा मिलनी चाहिये। आजकल की शिक्षा तो प्रत्यक्ष ही वैसी शिक्षा नहीं है। मुझे इस प्रश्न की चर्चा नहीं करनी है कि वह शिक्षा कैसी हो। इतनी ही बात है कि उन्हें यह विश्वास करके अपने को धोखा नहीं देना चाहिये कि यह काम विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी के बुजुर्गों का ही है। उन्हें विचार करने की शक्ति को उत्तेजना देना चाहये। मेरा यह जरा भी सुझाव नहीं है कि विद्यार्थी हड़तालें वगैरह करके जबरदस्ती ऐसी स्थिति ला सकते हैं। उन्हें रचनात्मक और ज्ञान–पूर्ण आलोचना करके लोकमत पैदा करना होगा। प्रबन्ध–सभा के सदस्य पुरानी विचारधारा में पले होने के कारण धीरे–धीरे चलते हैं पर सही जागृति की जाय तो उन पर जरूर असर हो सकता है।

अनुसार उसमें तब्दीली ला सकता है। इस अर्थ में मनुष्य अपनी नियति रच सकता है। उसे इसकी छूट है कि वह अपनी स्वतंत्रता का यथेच्छ उपयोग करे कि मनुष्य इसलिए मनुष्य है कि उसमें विवेक है पर उनका विवेक कोरा तर्क रैशनल बात नहीं है। मनुष्य की अपनी अंतर्ध्वनि भी है, अंतरात्मा भी है जो सब में है इसलिए साझी है पर सबकी अलग–अगल है। इसलिए बिना अंधानुकरण किए खुद अपने ढंग से सोचना जरूरी हो जाता है।

मनुष्य की स्वायत्तता और स्वतंत्रता एकांगी नहीं होती। आज हमें चुनने की खूब स्वतंत्रता है। एक समय थ जब परंपरागत समाज हमें पूर्वनिश्चित दायित्व में बांधता था और दूसरों की आशाओं–अपेक्षाओं के अनुरूप बनने के लिए कहता था। पर आज का आधुनिक मन इन सब में नियंत्रण की बू देखता था और इसलिए उसे छोड़ने लगा, रिजेक्ट करने लगा। पर स्वतंत्रता मिली क्या? आज एक नया और भयानक दबाव आया है। वह दबाव है बाजार के बढ़ते वर्चस्व का जो हमारे काम–धाम, ज्ञान–विज्ञान, नाते–रिश्ते, और जीवन शैली यानी सब कुछ तय करने लगा है। वह झूठी दिलासा जरूर दिलाता है की तुरत–फुरत सब मिल जाएगा और अबाध सुख की गांरटी ऊपर से है नियंत्रण के उपाय–औजार आज और तेज और नुकीले हो गए हैं। ऐसे में गांधी जी बेहद प्रासंगिक हो उठते हैं और सोचने को मजबूर करते हैं कि अपने स्वभाव को फिर से पहचानें, शायद कोई रास्ता निकल आए।

राष्ट्रीय सेवा विद्यार्थियों को संदेश : गाँधी जी के विचार

आजकल अधिकांश विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उनमें बहुत से ऐसी आदतें सीख रहे हैं, जिन्हें वे पश्चिम की फैशन समझते हैं और अधिकाधिक विद्यार्थी शराबखोरी वगैरह की बुरी आदतों के शिकार हो रहे रहैं। कार्यदक्षता बहुत कम है और स्वतंत्र विचार करने की इच्छा भी थोड़ी ही है। हम इन सब समस्याओं को हल करना चाहते हैं और युवकों में चरित्र, अनुशासन और कार्यदक्षता पैदा करना चाहते हैं। आपके ख्याल में हम यह कैसे कर सकते हैं?

इन सब बातों का सम्बन्ध मौजूदा बीमारी से है। जब शांत वातावरण पैदा हो जायेगा और विद्यार्थी आन्दोलनकारी न रहकर गंभीरतापूर्वक अध्ययन में लग जायेंगे तब यह बीमारी मिट जायेगी।

विद्यार्थी–जीवन की उपमा संन्यासी

"जहाँ तक मैं जानता हूँ हिन्दू धर्म तो यह मानता है कि जब तक उसकी पढ़ाई खत्म न हो जाय, तब तक विद्यार्थी का जीवन संन्यासी के जीवन जैसा होना चाहिये। उसे अत्यन्त कठोर अनुशासन में रहना चाहिये। उसका आचरण आदर्श आत्म–संयम का होना चाहिये। यदि वे उस आदर्श पर कुछ भी चलते होते, तो प्रार्थना–सभा में उन्होंने जो कुछ किया वह न करते।"

जीवन से ठीक ही दी गई है। विद्यार्थी को सादा जीवन और उच्च विचारों की मूर्ति बनना ही चाहिये। उसे अनुशासन का अवतार होना चाहिये। उसे अपने अध्ययन से ही सुख मिलना चाहिये। जब अध्ययन विद्यार्थियों के लिये जबरदस्ती लादा गया बोझ नहीं रहता, तब उससे अवश्य सच्चा सुख मिलता है। विद्यार्थी तेजी से अधिकाधिक ज्ञानप्राप्ति करता चला जाय, इससे अधिक सुख और क्या हो सकता है।

नाम से जाना जाता है। नमक आंदोलन के कारण ब्रिटिश हुकूमत विचलित हो गई थी और उन्होंने इस आंदोलन में सम्मिलित होने वाले लोगों में से लगभग 80000 लोगों को जेल भेज दिया था।

भारत छोड़ो आंदोलन

महात्मा गाँधी जी ने ब्रिटिश हुकूमत को भारत से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए 8 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया गया। इस आंदोलन की नींव उसी दिन पक्की हो गई थी जिस दिन गाँधी जी ने नमक आंदोलन सफलतापूर्वक किया था। उन्हें विश्वास हो गया था कि अंग्रेजों को अगर भारत से बाहर कर देना है तो उसके लिए अहिंसा का रास्ता ही सबसे उत्तम रास्ता है। महात्मा गाँधी ने यह आंदोलन कब छेड़ा जब द्वितीय विश्वयुद्ध चल रहा था और ब्रिटिश हुकूमत अन्य देशों के साथ युद्ध लड़ने में लगी हुई थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण अंग्रेजों की हालत दिन प्रति दिन खराब होती जा रही थी उन्होंने भारतीय लोगों को लिखते विश्वयुद्ध में शामिल करने का निर्णय लिया। लेकिन भारतीय लोगों ने उन्हें नित्य विश्वयुद्ध से अलग रखने पर जोर दिया। बाद में ब्रिटिश हुकूमत के वादा करने पर भारतीय लोगों ने द्वितीय विश्वयुद्ध में अंग्रेजों का साथ दिया। ब्रिटिश हुकूमत ने वादा किया था कि वे द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद भारत को स्वतंत्र कर देंगे। यह सब कुछ भारत छोड़ो आंदोलन के प्रभाव के कारण ही हो पाया और वर्ष 1947 में भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिल गई।

महात्मा गाँधी का भारत छोड़ो आंदोलन पूर्ण रूप से सफल रहा। इसकी सफलता का श्रेय सभी देशवासियों को भी जाता है क्योंकि उन्हीं की एकजुटता के कारण इस आंदोलन में किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं हुई और अंत में सफलता प्राप्त हुई। बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे वे हमेशा सत्य और अहिंसा में विश्वास रखते थे। उन्होंने हमेशा गरीब लोगों का साथ दिया था। जब देश में जाति, धर्म और अमीर–गरीब के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा था तब गाँधी जी ने ही गरीबों को साथ लेते हुए उन्हें "हरिजन" का नाम लिया और इसका मतलब भगवान के लोग होता है।

उनके जीवन पर भगवान बुद्ध के विचारों का बहुत प्रभाव था इसी कारण उन्होंने अहिंसा का रास्ता बनाया था। उनका पूरा जीवन संघर्षों से भरा हुआ था लेकिन अंत में उन्हें सफलता प्राप्त हुई थी। उन्होंने भारत देश के लिए जो किया है उसके लिए धन्यवाद शब्द बहुत कम है। हमें उनके विचारों से सीख लेनी चाहिए आज लोग एक दूसरे से छोटी छोटी बात पर झगड़ा करने लगते हैं और हर एक छोटी सी बात पर लाठी और बंदूके चलाने लगते हैं। गाँधी जी ने कहा था कि जो लोग हिंसा करते हैं वे हमेशा नफरत और गुस्सा दिलाने की कोशिश करते हैं। गाँधीजी के अनुसार अगर शत्रु पर विजय प्राप्त करनी है तो हम अहिंसा का मार्ग भी अपना सकते हैं। जिसको अपनाकर गाँधी जी ने हमें ब्रिटिश हुकूमत से आजादी दिलवाई थी।

चिंता से काम बिगड़ते हैं, यह कुदरत का कानून है। चिंतामुक्त रहने से काम अच्छी तरह से हो पाता है। संपन्न और समाज में महत्वपूर्ण व्यक्ति अत्याधिक चिंता और तनाव से ग्रस्त रहते हैं। मजदूरों को उतनी चिंता नहीं होती, वे आराम से सोते हैं जबकि उनके मालिकों को नींद की गोलियाँ लेनी पड़ती हैं। जो चिंता करते हैं, उनकी धन–संपति भी चली जाती है।
चिंता क्या है? सोचने में नुकसान नहीं है लेकिन जब सोचने का सिलसिला हद से आगे बढ़ता है तब चिंता शुरू हो जाती है। जब ऐसा होने लगे तो सोचना बंद कर दें। यदि यह पता चल जाए कि वास्तव में "कर्ता कौन" है तो चिंता बंद हो जाएगी।

श्याम बाबू ओझा

गाँधीजी यह स्थापित करना चाहते थे कि भारतीयों को व्यापार का लाइसेंस इसलिए नहीं दिया जा रहा था क्योंकि वह अंग्रेज व्यापारियों को कड़ी टक्कर दे रहे थे। दूसरे, उन्होंने यह तर्क भी दिया कि भारतीय व्यापारी और अन्य लोग सफाई रखने के आदी होते हैं। उन्होंने म्यूनिसिपल डॉक्टर वियेले का उदाहरण दिया जिन्होंने भारतीयों को सफाई के प्रति सचेत और जागरूक बताया था। डॉक्टर वियेले ने भारतीयों को धूल और लापरवाही से होने वाली बीमारियों से मुक्त बताया था। भारतीय व्यापारियों को व्यापार का लाइसेंस देने से इंकार क्यों किया जा रहा था उस संबंध में भी याचिका में दिए गए तर्क में बताया था कि यह व्यापारिक जलन की वजह से किया गया है। भारतीय स्वभाव से मितव्ययी और शांत होते हैं। भारतीय व्यापारी जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत कम रखते थे और उन्हें सस्ते दाम में बेचते थे जिससे श्वेत व्यापारियों के साथ वह भी प्रतिस्पर्धा में आ गए थे।

भारत में स्वच्छता परिदृश्य अभी भी निराशाजनक है। हमने गाँधी को एक बार फिर विफल कर दिया है। गाँधीजी ने समाज शास्त्र को समझा और स्वच्छता के महत्व को समझा। पारंपरिक तौर पर सदियों से सफाई के काम में लगे लोगों को गरिमा प्रदान करने की कोशिश की। आजादी के बाद से हमने उनके अभियान को योजनाओं में बदल दिया। योजना को लक्ष्यों, ढांचों और संख्याओं तक सीमित कर दिया गया। हमने मौलिक ढांचे और प्रणाली से 'तंत्र' पर तो ध्यान दिया और उसे मजबूत भी किया लेकिन हम 'तत्व' को भूल गए जो व्यक्ति में मूल्य स्थापित करता है। गाँधीजी भारतीय लोगों की साफ–सफाई कम रखने की आदतों से भी परिचित थे। इसलिए उन्होंने 1914 तक अपने 20 वर्षों के प्रवास के दौरान साफ–सफाई रखने पर विशेष बल दिया। गाँधीजी इस बात को समझते थे कि किसी भी इलाके में बहुत अधिक भीड़भाड़ गंदगी की एक मुख्य वजह होती है। दक्षिण अफ्रीका के कुछ शहरों में विशेष इलाकों में भारतीय समुदाय के लोगों को पर्याप्त जगह और ढांचागत सुविधाएं नहीं मुहैया कराई गई थी। गाँधीजी मानते थे कि उचित स्थान, मूलभूत और ढांचागत सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नगरपालिका की है। गाँधीजी ने इस संबंध में जोहांसबर्ग के चिकित्सा अधिकारी को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने पत्र में लिखा था। 'मैं आपको भारतीयों के रहने वाले इलाकों की स्तब्ध कर देने वाली स्थिति के बारे में लिख रहा हूं। एक कमरे में कई लोग एक साथ इस तरह ठूंस कर रहते हैं कि उनके बारे में बताना भी मुश्किल है। इन इलाकों में सफाई सेवाएं अनियमित हैं और सफाई न रखने के संबंध में बहुत से निवासियों ने मेरे कार्यालय में शिकायत करके बताया है कि अब स्थिति पहले से भी बदतर हो गई है।'

गाँधीजी ने अपनी आत्मकथा में लिखा था, 'नगरपालिका की आपराधिक लापारवाही और सफाई के प्रति भारतीय निवासियों की अज्ञानता की वजह से कई इलाकों को पूरी तरह गंदा रखने की साजिश रची गई थी।' एक बार दक्षिण अफ्रीका में काले प्लेग का प्रकोप फैला। सौभाग्य से उसके लिए भारतीय जिम्मेदार नहीं थे। यह जोहांसबर्ग के आस–पास के क्षेत्र में सोने की खादानों वाले इलाके में फैला था। गाँधीजी ने अपनी पूरी शक्ति के साथ, स्वेच्छा से और स्वयं के जीवन को खतरे में डालकर रोगियों की सेवा की। नगर चिकित्सक और अधिकारियों ने गाँधीजी की सेवाओं की बहुत तारीफ की। गाँधी जी चाहते थे कि लोग उस घटना से सबक लें। उन्होंने एक जगह लिखा था 'इस तरह के कठोर नियमों पर निस्संदेह हमें गुस्सा आता है। परंतु हमें इन नियमों का मानना चाहिए क्योंकि इससे हम गलती दोहराएगें नहीं। हमें स्वच्छता और सफाई का मूल्य पता होना चाहिए...गंदगी को हमें अपने बीच से हटाना होगा...क्या स्वच्छता स्वयं ईनाम नहीं है? हाल ही में जो घटना हुई है यह हमारे देशवासियों के लिए एक सबक है।'

महात्मा और संघ

❑ डॉ0 मनमोहन वैद्य
सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

गाँधी और आरएसएस के बीच पारस्परिक सम्मान व्यापक रूप से ज्ञात नहीं है। उन्होंने कहा कि यह स्व–संगठित समूहों को "असंगठित" कहकर महात्मा गाँधी का अपमान था, उन्होंने कहा कि ऐसे समूह स्वराज के बापू के सिद्धांतों पर आधारित हैं।

पोल बिगुल बज चुका है और राजनीतिक नेता अपनी पार्टियों की संस्कृति और परंपरा के अनुसार प्रचार भाषण देने में व्यस्त हैं। इस तरह के एक भाषण में, एक पार्टी के नेता ने घोषणा की कि इस बार का वोट महात्मा गाँधी और नाथूराम गोडसे के बीच का चुनाव होगा। जो लोग गाँधीवादी विचारधारा का पालन करते हैं, वे अपनी बातों पर विशेष ध्यान देते हैं और गोडसे का नाम कभी नहीं लेते हैं। मैंने संघ में गाँधीजी पर ऐसी कई चर्चाओं में भाग लिया है लेकिन गोडसे का जिक्र कभी नहीं सुना। यह वास्तव में विडंबना है कि जिनके कार्य और नीतियां महात्मा के जीवन और विरासत के सीधे विरोध में हैं, जो झूठ और हिंसा पर एक राजनीतिक हथियार के रूप में भरोसा करते हैं, संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का उपयोग करना चाहते हैं। संघ के अधिकांश पहलुओं की तरह, जब गाँधीजी के साथ आरएसएस के संबंध की बात आती है, तो लोग अक्सर तथ्यों की अपेक्षित परीक्षा के बिना अनुमान लगा लेते हैं। यहां तक कि तथाकथित विद्वान भी इस विषय के समग्र अध्ययन का प्रयास नहीं करते हैं।

रिकॉर्ड को सीधे सेट करने के लिए, संघ के साथ गाँधी के संबंधों पर उपलब्ध सामग्री की सावधानीपूर्वक जांच की जानी चाहिए। मुस्लिम समुदाय के बीच चरमपंथी और जिहादी तत्वों के प्रति उनके और उनके आत्मसमर्पण से असहमत होने के बावजूद, आरएसएस ने चरखे और सत्याग्रह जैसे सरल माध्यमों से भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लिए जनता के समर्थन को व्यापक बनाने के उनके प्रयासों की हमेशा प्रशंसा की है और इसे उनकी महानता माना है। यदि कोई ग्राम स्वराज, स्वदेशी, गौ रक्षा और अस्पृश्यता के उन्मूलन जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों पर गाँधीजी के आग्रह को समझता है, तो शाश्वत हिंदू विचार के लिए उसकी आत्मीयता और दृढ़ता निर्विवाद है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ0 के बी हेडगेवार 1921 के असहयोग आंदोलन और 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में सक्रिय भागीदार थे। उनकी भागीदारी के लिए, उन्होंने दो कठोर कारावास की सजा काटी।

जब 18 मार्च, 1922 को महात्मा को छह साल कैद की सजा सुनाई गई थी, तब हर महीने की 18 वीं तारीख को गाँधी दिवस के रूप में मनाया जाता था। जब भी गाँधीजी जेल में थे, उनके कुछ स्वयंभू अनुयायी देशभक्ति के नाम पर अपना हित साध रहे थे। अक्टूबर 1922 में गाँधी दिवस पर अपने भाषण में हेडगेवार ने इस विसंगति को झंडी दिखा दी। "आज का दिन बहुत ही शुभ है। यह महात्माजी जैसे महान आत्मा के जीवन में पाए जाने वाले मूल्यों और गुणों को सुनने और नम करने का दिन है। जो लोग उसके अनुयायी कहलाने में गर्व महसूस करते हैं, उन पर इन गुणों का पालन करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। 1934 में, जब गाँधीजी जमनालाल बजाज के निवास पर रहते थे, उन्होंने पास में आयोजित किए जा रहे आरएसएस के एक शिविर में भाग लिया। वहां अपनी बातचीत के दौरान, उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि शिविर में अनुसूचित जातियों के स्वयंसेवक शामिल थे और सभी लोग भाईचारे के साथ रहते थे। जब गाँधीजी उस समय की एंक स्वीपर कॉलोनी में रह रहे थे, आजादी के बाद, उनके निवास के सामने एक सुबह का आयोजन

चरखे का सन्देश

मैं हर अवसर पर, हर घड़ी, चरखे का सन्देश सुनाने में नहीं थकता। क्योंकि यह इतना निर्दोष होते हुये भी भलाई की बहुत बड़ी शक्ति रखता है। वह स्वादिष्ट भले न हो, परन्तु किसी स्वास्थ्यप्रद भोजन में तन्दुरूस्ती को भारी नुकसान पहुंचाने वाले मसालेदार भोजन का जायका कभी नहीं होता। और इसीलिये गीता ने एक स्मरणीय श्लोक में सभी विचारशील लोगों से ऐसे पदार्थ ग्रहण करने को कहा है, जिनका स्वाद शुरू में कड़ुआ होता है, परन्तु जो अन्त में अमरत्व प्रदान करने वाले होते हैं। आज ऐसी चीज यह चरखा और उससे पैदा हुई वस्तु है। कातने से बड़ा और कोई यज्ञ नहीं है। यह दुःखित आत्मा को शांति प्रदान करता है, विद्यार्थियों के बेचैन मन को तसल्ली देता है। और उनके जीवन को आध्यात्मिक ढूंढ़ने वाले आज के व्यावहारिक युग में भारत के लिये इससे अच्छा और नुस्खा नहीं है। गायत्री में

खुशी से देश के सामने रख सकता हूँ, लेकिन उसके बारे में मैं तात्कालिक परिणाम का वचन नहीं दे सकता। लेकिन चरखा ऐसी चीज है। उसे आप ईश्वर का नाम लेकर ग्रहण कर सकते हैं और तात्कालिक फल की आशा रख सकते हैं। एक अंग्रेज मित्र ने लिखा कि उनकी अंग्रेजी बुद्धि उनसे कहती है कि कातना एक अच्छा शौक है। मैंने उनसे कहा, "आपके लिये वह शौक की चीज हो सकता है, पर हमारे लिये वह कल्पवृक्ष है।

समाचार

सूर्योदय के सवा दो घंटे के अंदर करें नाश्ता : प्रो भट्ट

भारत में लोगों की औसत आयु तो काफी बढ़ गई है, लेकिन जीवनशैली की अनियमितता से लोग स्वस्थ जीवन नहीं जी पा रहे हैं। हवा, पानी, सूर्य की रोशनी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग न कर पाने से यह समस्या आ रही है। यह कहना है केजीएमयू कुलपति प्रो. एम.एल.बी. भट्ट का। प्रो. भट्ट आरोग्य मित्र प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

आरोग्य भारती अवध प्रांत द्वारा आयोजित दो दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर प्रो. भट्ट ने कहा कि स्वस्थ वही है, जिसमें कार्य के प्रति उत्साह है। स्वस्थ जीवन के सूत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि रात 10 से सुबह चार बजे तक सोना चाहिए। शारीरिक श्रम करना चाहिए और रात को चाय, कॉफी, कोल्ड डिंक्स वगैरह का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि सूर्योदय से सवा दो घंटे के अंदर नाश्ता कर लेना चाहिए। रात का भोजन सूर्यास्त के 40 मिनट के अंदर कर लेना चाहिए। सुबह से शाम तक पूरे दस हजार कदम चलना चाहिए। योग व ध्यान से भी बहुत लाभ होते हैं।

इस अवसर पर ब्रह्मदेव शर्मा 'भाई जी', आरोग्य मित्र प्रशिक्षण के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. मुरली कृष्ण, प्रशिक्षण सत्र के संयोजक डॉ. विनोद जैन आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता, शालीन जीवन की शिक्षा देने, सादगी और स्वच्छता की आदतें विकसित करने का बेहतरीन मौका गवां रहे हैं।'

गाँधीजी ने धार्मिक स्थलों में फैली गंदगी की ओर भी ध्यान दिलाया था। 3 नवंबर 1917 को गुजरात राजनैतिक सम्मेलन में उन्होंने कहा था, 'पवित्र तीर्थ स्थान डाकोर यहां से बहुत दूर नहीं है। मैं वहां गया था। वहां की पवित्रता की कोई सीमा नहीं है। मैं स्वयं को वैष्णव भक्त मानता हूं, इसलिए मैं डाकोर जी की स्थिति की विशेष रूप से आलोचना कर सकता हूं। उस स्थान पर गंदगी की ऐसी स्थिति है कि स्वच्छ वातावरण में रहने वाला कोई व्यक्ति वहां 24 घंटे तक भी नहीं ठहर सकता। तीर्थ यात्रियों ने वहां के टैंकरों और गलियों को प्रदूषित कर दिया है।' इसी तरह यंग इंडिया में 3 फरवरी 1927 को उन्होंने बिहार के पवित्र शहर गया की गंदगी के बारे में भी लिखा और यह इंगित किया कि उनकी हिन्दू आत्मा गया के गंदे नालों में फैली गंदगी और बदबू के खिलाफ बगावत करती है।

भारतीय रेलवे में आज भी गंदगी का वही आलम है। रेलवे के डिब्बों को और शौचालय साफ रखने के लिए श्रमिकों और कर्मचारियों को तो रखा जाता है जहां तक स्वच्छता और सफाई से संबंधित प्रश्न है हम भारतीय यात्रियों को इस बारे में कोई शर्म महसूस नहीं होती। शौचालयों का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जाता। यहां तक कि वातानुकूलित डिब्बों में यात्रा करने वाले पढ़े लिखे लोग भी अपने बच्चों को शौचालय सीट का इस्तेमाल नहीं करवा कर उन्हें बाहर ही शौच करवाते हैं। डिब्बों में कूड़ा फैलना तो आम बात है।

गाँधीजी ने सार्वजनिक रूप से स्वच्छता की ओर सबका ध्यान खींचा

बृजेश श्रीवास्तव

भारत में बाहर से देखने पर भारतीय बहुत आकर्षक नहीं लगते क्योंकि वह सफाई और स्वच्छता के प्रति बहुत अधिक ध्यान नहीं देते और उसे गैर जरूरी समझते हैं।

कांग्रेस के करीब–करीब हर सम्मेलन में दिये अपने भाषण में गाँधीजी ने स्वच्छता के मामले को उठाया। अप्रैल 1924 में उन्होंने दाहोद शहर के कांग्रेस सदस्यों को अच्छी साफ–सफाई रखने के लिए बधाई दी और उन्हें सुझाव दिया कि वह अछूत समझे जाने वाले समुदाय के इलाकों में जाएं और उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता जगाएं। उन्होंने उसी तरह 1925 में कानपुर कांग्रेस में सफाई रखने के इंतजामों की भी बहुत प्रशंसा की थी।

गाँधीजी मानते थे कि नगरपालिका का सबसे महत्वपूर्ण कार्य सफाई रखना है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पार्षद बनने के बाद स्वच्छता के काम करने का सुझाव दिया, 25 अगस्त 1925 को कलकत्ता अब (कोलकाता) में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा, 'वह (कार्यकर्ता) गांव के धर्मगुरु या नेता के रूप में लोगों के सामने न आएं बल्कि अपने हाथ में झाड़ू लेकर आएं। गंदगी, गरीबी, निठल्लापन जैसी बुराइयों का सामना करना होगा और उससे झाड़ू, कुनैन की गोली और अरंडी के तेल साथ लड़ना होगा।

पंचायतों की भूमिका के बारे मे गाँधीजी ने कहा था कि गांव में रहने वाले प्रत्येक बच्चे, पुरुष या स्त्री की प्राथमिक शिक्षा के लिए, घर–घर में चरखा पहुंचाने के लिए, संगठित रूप से सफाई और स्वच्छता के लिए पंचायत जिम्मेदार होनी चाहिए। 19 नवंबर 1925 के यंग इंडिया के एक अंक में गाँधीजी ने भारत में स्वच्छता के बोर में अपने विचारों को लिखा। उन्होंने लिखा, 'देश के अपने भ्रमण के दौरान मुझे सबसे ज्यादा तकलीफ गंदगी को देखकर हुई...इस संबंध में अपने आप से समझौता करना मेरी मजबूरी है।'

तुलसी की पत्तियों को दूध में उबालकर पिएं, दूर होगा माइग्रेन

तुलसी की पत्तियों में होते हैं औषधीय गुण, 5 तरह के रोगों से बचाती है

डेस्क एनबीटी, लखनऊ : तुलसी की पत्तियां औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं। अगर रोजाना तुलसी की पत्तियों को दूध में उबालकर पिया जाए तो बहुत से रोगों से खुद को बचाया जा सकता है। दूध में तुलसी के पत्ते उबालकर पीने से सिर दर्द या माइग्रेन जैसी दिक्कतों से राहत मिलती है। नियमित रूप से इस औषधि का सेवन इस समस्या को दूर किया जा सकता है। अगर आप सोच रहे हैं कि ऐसा कैसे हो सकता है तो आयुर्वेदाचार्य डॉ. एके मिश्रा आपको बताने जा रहे हैं ऐसे 5 स्वास्थ्य लाभ, जिन्हें आप तुलसी और दूध के साथ हासिल कर सकते हैं।

कैसे करें सेवन

सबसे पहले डेढ़ गिलास दूध को उबालना है। जब दूध उबलना शुरू हो जाए तब इसमें 8 से 10 तुलसी की पत्तियां डालें और उबलने दें। जब दूध एक गिलास हो जाए तब आप गैस बंद कर दें। जब दूध हल्का गुनगुना रह जाए, तब आप इसे पिएं। नियमित सेवन से इन बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है

तुलसी के पत्तों में ऐंटीऑक्सिडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं इसके गुण शरीर में कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं और उससे रक्षा भी करते हैं। तुलसी की पत्तियों में ऐंटीबैक्टीरियल एवं ऐंटीवायरल गुण भी मौजूद होते हैं, जो सर्दी, खांसी व जुकाम से हमें दूर रखते हैं।

दमा रोग में फायदेमंद

अगर आप सांस संबंधी समस्याओं से परेशान हैं तो दूध के साथ तुलसी की पत्तियों को उबालकर पीएं। ऐसा करना दमा रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद साबित बोता है।

तनाव कम होता है

तुलसी के पत्तों में हीलिंग गुण होते हैं। अगर आप तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्या से घिरे रहते हैं तो दूध में तुलसी की पत्तियों को उबालकर पिएं। इस औषधि को पीने से मानसिक तनाव और चिंता दूर होती है।

पथरी की समस्या दूर करती है

दूध में तुलसी के पत्तों को उबालकर अगर खाली पेट पिया जाए तो हृदय रोगियों को काफी फायदा मिलता है। अगर किसी व्यक्ति को पथरी की समस्या है तो उसे नियमित रूप से खाली पेट दूध में तुलसी की पत्तियों को उबालकर पीना चाहिए। ऐसा करने से किडनी के पथरी की समस्या और दर्द दूर हो जाता है।

—नवभारत टाइम्स ❑

2 अक्टूबर महात्मा गाँधी का जन्मदिन

❑ दीपा श्रीवास्तव

आँखों पर चश्मा हाथ में लाठी और चेहरे पर मुस्कान, दिल में था उनके हिंदुस्तान।
अहिंसा उनका हथियार था, अंग्रेजों पर भारी जिसका वार था,
जात–पात को भुला कर वो जीना सिखाते थे, सादा हो जीवन और अच्छे हो विचार,
बड़ो को दो सम्मान और छोटो को प्यार, बापू यही सबको बताते थे।
लोगों के मन से अंधकार मिटाते थे, स्वच्छता पर वे देते थे जोर,
माँ भारतीय से जुड़ी थी उनकी दिल को डोर।
ऐसी शख्सियत को हम कभी भूला ना पाएंगें, उनके विचारों को हम सदा अपनायेंगे।

मां की उस बात का विरोध किया जब उनकी मां ने सफाई करने वाले कर्मचारी के न छूने और उससे दूर रहने के लिए कहा था। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि स्वच्छता और सफाई प्रत्येक व्यक्ति का काम है। वह हाथ से मैला ढोने और किसी एक जाति के लोगों द्वारा ही सफाई करने की प्रथा को समाप्त करना चाहते थे।

उन्होंने भारतीय समाज में सदियों से मौजूद अस्पृश्यता की कुरीति और जातीय प्रथा का विरोध किया। सफाई करने वाले जाति के लोगों को गांवों से बाहर रखा जाता था। और उनकी बस्तियां बहुत ही खराब, मलीन और गंदगी से भरी हुई थीं।

समाज में हेय समझे जाने, गरीबी और शिक्षा की कमी की वजह से वह ऐसी बुरी स्थिति में रहते थे। गाँधीजी उन मलिन बस्तियों में गए और उन्होंने अस्पृश्य समझे जाने वाले लोगों को गले लगाया और अपने साथ गए अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी वैसा करने के लिए कहा। गाँधीजी चाहते थे कि इन लोगों की स्थिति सुधरे और वह भी समाज की मुख्य धारा में शामिल हों। उन्होंने पूरे भारत में छात्रों सहित सभी से ऐसी मलिन बस्तियों के लोगों की मदद करने के लिए कहा।

गाँधीजी ने भारतीय समाज में सफाई करने और मैला ढोने वालों द्वारा किए जाने ले अमानवीय कार्य पर तीखी टिप्पणी की उन्होंने कहा, 'हरिजनों में गरीब सफाई करने वाला या 'भंगी' समाज में सबसे नीचे खड़ा है जबकि वह सबसे महत्वपूर्ण है। अपरिहार्य होने के नाते समाज में उसका सम्मान होना चाहिए 'भंगी' जो समाज की गंदगी साफ करता है उसका स्थान मां की तरह होता है। जो काम एक भंगी दूसरे लोगों की गंदगी साफ करने के लिए करता है वह काम अगर अन्य लोग भी करते तो यह बुराई कब की समाप्त हो जाती'।

❑

सच्चा जप-दीन दुःखियों की सेवा

संत ज्ञानेश्वर नदी किनारे जा रहे थे। समीप ही नदी में एक लड़का स्नान कर रहा था। एकाएक उसका पैर फिसल गया, वह तेज बहाव में चला गया। सहायता के लिये चिल्लाया, पर किनारे बैठे महात्मा अपने जप में लगे रहे। उन्होंने एक बार डूबते बालक को देख लिया और फिर आँख बंद कर ली। संत ज्ञानेश्वर बिना विलम्ब किये नदी में कूद पड़े और डूबते बालक को बाहर ले आये। किनारे जप कर रहे महात्मा से संत ज्ञानेश्वर ने पूछा–आप क्या कर रहे हैं? उत्तर मिला–जप कर रहे हैं। पुनः महात्मा ने आंखें बंद कर लीं। संत ज्ञानेश्वर ने पूछा–क्या ईश्वर के दर्शन हुए? उत्तर मिला–नहीं बोले–मन स्थिर नहीं हो रहा है। संत ज्ञानेश्वर ने कहा तो उठो, पहले दीन–दुखियों की सेवा करो, उनके कष्टों में हिस्सा बटाओं अन्यथा उपासना का कोई विशेष लाभ नहीं मिलेगा। महात्मा को अपनी भूल मालूम हुई कि सच्चा जप तो यह था कि डूबते हुए बच्चे को बचाया जाता। उसी दिन से वे महात्मा दीन–दुखियों की सेवा में लग गये।

याद रखो–तुम्हारे पास जो कुछ है, सब भगवान का है और भगवान की सेवा के लिये ही है। उसे अपना मानकर उसका केवल अपने भोग में उपयोग करना बेईमानी है। इस बेईमानी से बचो और समस्त प्राप्त साधनों को भगवान की सेवा में लगाओं। सेवक में सात बाते होनी चाहिए–(1) सेवा में विश्वास, (2) सेवा की पवित्रता, (3) सेवा में गौरव, (4) सेवा में आत्मसंयम, (5) सेवा में उत्साह, (6) सेवा में प्रीति और (7) विनय भाव।

साभार : महाकौशल–संदेश

पावन स्मृति

(पुण्य भूमि भारत में जन्म लेकर जिन्होंने जीवन पर्यन्त मानव की सेवा और मानवता की रक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित कर कीर्तिमान स्थापित किया, अपने बहुआयामी कार्यो द्वारा जीवन के विविध क्षेत्रों में आलोक स्तम्भ बनकर हमारा मार्गदर्शन किया तथा जो आज भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं ऐसे उन तमाम दिव्य महापुरूषों की पावन स्मृति में श्रद्धा सुमन समर्पित है–सम्पादक)

दिनांक	दिवस	महापुरुष का नाम
1 अक्टूबर	पूर्ण–तिथि	पेशावर काण्ड का नायक चन्द्रसिंह गढ़वाली
2 अक्टूबर	जन्म–तिथि	राष्ट्रपुरुष : गांधी जी
3 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	राष्ट्रभक्त बौद्धिक योद्धा डॉ0 स्वराज प्रकाश गुप्त
4 अक्टूबर	जन्मतिथि	सागरपार भारतीय क्रांति के अग्रदूत श्यामजी कृष्ण वर्मा
4 अक्टूबर	बलिदान–दिवस	जयमंगल पाण्डे और नादिर अली का बलिदान
6 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	गीत के विनम्र स्वर : दत्ताजी उनगाँवकर
6 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	भारतीयता के मनीषी राजदूत डॉ लक्ष्मीमल सिंघवी
7 अक्टूबर	राज्यारोहण–दिवस	सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य
7 अक्टूबर	जन्म–तिथि	पत्रकारिता के शलाका पुरुष माणिकचन्द्र बाजपेई
7 अक्टूबर	जन्म–दिवस	क्रांतिकारी : दुर्गा भाभी
9 अक्टूबर	जन्म–तिथि	गृहस्थ प्रचारक : भैया जी दाणी
9 अक्टूबर	जन्म–तिथि	उत्कलमणि गोपबन्धु दास
10 अक्टूबर	जन्म–तिथि	राष्ट्रयोगी : श्री दत्तोपन्त ठेगड़ी
11 अक्टूबर	जन्म–तिथि	आधुनिक चाणक्य : नानाजी देशमुख
14 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	हठयोगी स्वतंत्रता सेनानी प्रो0 जयकृष्ण प्रभुदास भंसाली
15 अक्टूबर	बलिदान–दिवस	मुम्बई में 1857 के बलिदानी
15 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	अवतारी सन्त : साईंबाबा
15 अक्टूबर	जन्म–तिथि	प्रेरक व्यक्तित्व : महात्मा आनन्द स्वामी
16 अक्टूबर	इतिहास–स्मृति	बंग–भंग के विरोध में अद्भुत रक्षाबन्धन
19 अक्टूबर	जन्म–तिथि	लोकसन्त : पाण्डुरंग शास्त्री आठवले
20 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	राजनीतिक कीचड़ में कमल जगदीश प्रसाद माथुर
22 अक्टूबर	जन्म–दिवस	दिव्य प्रेम के साधक : आशीष गौतम
23 अक्टूबर	निर्वाण–दिवस	विरक्त सन्त : श्री दिगम्बर स्वामी
24 अक्टूबर	पुण्य–तिथि	गान्धीवादी चिंतक : श्री धर्मपाल
26 अक्टूबर	जन्म–तिथि	गोविंद भक्त : सन्त नामदेव
28 अक्टूबर	जन्म–तिथि	भारत की महान् पुत्री : भागिनी निवेदिता
30 अक्टूबर	जन्म–तिथि	परमाणु कार्यक्रमों के प्रणेता डॉ0 होमी भाभा
31 अक्टूबर	जन्म–तिथि	लौहपुरुष सरदार पटेल

महात्मा गाँधी : भारत में स्वच्छता और सफाई के अगुवाकार

गाँधी जी ने एक बार कहा था कि, हिंदुस्तानियों पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उनकी आदतें बहुत ही बेहूदा होती हैं और वे अपने घर तथा आस–पड़ोस को साफ सुथरा नहीं रखते हैं लेकिन मुझे कुछ कड़ुवे अनुभव थे। मैंने देखा कि मैं जनता को सफाई के प्रति उनके कर्तव्यों को उतनी आसानी से नहीं गिना पा रहा था जितनी आसानी से उनको उनके अधिकारों के बारे में बता रहा था। कुछ जगहों पर तो मेरा तिरस्कार भी किया गया, पर कुछ जगहों पर मुझे विनम्र उदासीनता मिली। अपने आस पड़ोस को साफ रखने के लिए लोगों को मानसिक तौर पर तैयार होना बहुत ही ज्यादा था। इस काम के लिए लोगों से पैसों की उम्मीद रखने का तो कोई सवाल ही नहीं था। इन अनुभवों से मुझे पहले से कहीं बेहतर सबक मिला कि असीमित धैर्य के बिना लोगों से कोई भी काम करवाना असंभव था। यह सुधारक है जो कि सुधार को लेकर चिंतित है, न कि एक समाज, जिससे उसको विरोध, घृणा और यहां तक कि प्राणघातक उत्पीड़न के सिवा कुछ भी बेहतर चीज पाने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।"

वह अपनी छोटी उम्र में ही यह जान गए और पूरी जिंदगी ऐसा महसूस करते रहे। उनको पता था कि भारत में सफाई और स्वच्छता की स्थिति वास्तव में अच्छी नहीं है और ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त शौचालय की कमी के लिए उतने ही प्रयास किए जाने चाहिए जितने स्वराज्य प्राप्त करने के लिए। उन्होंने आगे कहा कि जब तक हम लोग, "अपनी गंदी आदतों से छुटकारा नहीं पा जाते और शौचालयों में सुधार नहीं कर लेते तब तक स्वराज्य का कोई महत्व नहीं हो सकता।" उन्होंने पहले दक्षिण अफ्रीका और फिर भारत में स्वराज्य के लिए संघर्ष करते हुए सफाई, स्वच्छता और कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए अपना संघर्ष जारी रखा। सन् 1947 में आजादी हासिल करने के एक साल बाद गाँधी जी की हत्या कर दी गई लेकिन सफाई और स्वच्छता के उनके विचार को लिखित और भावात्मक दोनों रूपों में लगातार फैलते रहे।

पहले तो यह केवल एक विचार था लेकिन सन् 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसको एक स्वच्छ भारत अभियान के रूप मे शुरू करने के बाद इसने राष्ट्रीय जन आंदोलन का आकार ले लिया। सन् 2014 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 'स्वच्छ भारत' का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा, "हम महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगांठ का जश्न कैसे मनाते हैं? सफाई और स्वच्छता महात्मा गाँधी के दिल के सबसे करीब थी। क्या हम लोग, जब 2019 में महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगांठ मनाएंगे तो हम अपने गाँव, शहर, इलाके, स्कूल, मंदिर अस्पताल और जो भी जगहें हमारे पास हैं वहाँ पर गंदगी का एक धब्बा तक न रखने का संकल्प नहीं लेते हैं? यह केवल सरकार ही नहीं बल्कि जनता की भागीदारी से होता है। इसीलिए यह हम लोगों को एक साथ मिलकर करना है।" इस राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान 'स्वच्छ भारत अभियान' को 2 अक्टूबर 2014 को लागू कर दिया गया था, इस योजना का उद्देश्य 2019 तक भारत को पूरी तरह से स्वच्छ बनाना था। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रभक्ति से प्रेरित और राजनीति से परे है। उनके इस विचार ने लोगों के विचारों को गाँधी के स्वच्छता के विचारों में बदल दिया।

गाँधी जी के जीवन में सफाई और स्वच्छता का महत्व : महात्मा गाँधी की अगुवाई में भारत आजाद तो हो गया लेकिन स्वच्छ भारत की उनकी इच्छा

उन्होंने भारतीयों में सफाई और स्वच्छता से जुड़ी शिक्षा की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि "सफाई कार्य भारत में एक विशेष कार्य होना चाहिए।" उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हर कोई खुद में ही एक सफाई कर्मी होना चाहिए।

गाँधी ने, गुजरात में एक राजनीतिक सम्मेलन के दौरान लोगों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि गंदी सड़कों, घरों और रास्तों से हमारे घरों में महामारी फैल सकती है। उन्होंने कहा, "अगर हम भारत से महामारी को खत्म कर देते हैं तो हम स्वराज्य के लिए और ज्यादा मजबूत हो जाएंगे।" उन्होंने साफ पानी पीने, अच्छी हवा में सांस लेने और खुले में शौच से निपटने के लिए स्पष्ट तरीकों का पालन करके महामारी को भारत से उखाड़ फेंकने पर जोर दिया।

गाँधी के सफाई और स्वच्छता के विचार दक्षिण अफ्रीका से कैसे प्रभावित हुए?

जब गाँधी दक्षिण अफ्रीका में थे तो छुआछूत और अस्वच्छता को खत्म करने का विचार अपने आप उनके मन में आया। उनके लिए स्वच्छता अभियान समाज का एक मौलिक हिस्सा था जिसमें एक जातिहीन समाज निर्मित करने की क्षमता होती है। अपने आप सफाई करने और छूआछूत के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि, "हर कोई खुद का सफाई कर्मी है।" और यह विचारधारा एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण करने और छुआछूत को खत्म करने लिए जरूरी है। गाँधी भारतीयों को दिए गए 'अशुद्ध' टैग को खत्म करने के लिए स्वच्छता को एक जरूरी घटक मानते थे। भारतीयों को पश्चिमी देशों में चलाए गए सभ्यता मिशन की सख्त जरूरत थी।

गाँधी के सत्याग्रह अभियान में निजी और सार्वजनिक स्वच्छता के मुद्दों को लेकर उनकी चिंता शामिल थी। गोरों ने घोषणा कर दी थी कि भारतीय गंदे होते हैं और इनको अलग रखा जाना चाहिए, इस घोषणा को खत्म करना ही गाँधी की प्राथमिकता बन गई थी। इससे निपटने के लिए उन्होंने विधानसभा को एक खुला पत्र लिखा कि भारतीय भी यूरोपीय लोगों की तरह साफ सुथरे रहने के लायक हैं बशर्ते कि उनको समान मौका और मान्यता मिलना चाहिए। हालांकि, गाँधी को भारतीयों की जीवन शैली में स्वच्छता की कमी के बारे में पता था और भारतीयों को पूरी तरह से स्वच्छता पर विचार करने की जरूरत पर जोर दिया गया था। गाँधी ने भारतीयों के साथ होने वाली अपनी बैठकों में छुआछूत के मुद्दों पर बात करते हुए सफाई और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों का भी जिक्र किया।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गाँधी ने भारतीयों को अपने विचारों से अवगत करवाया और उन्हें शौच पर सूखी राख या धूल डालने और शौचालय को साफ और सूखा रखने के लिए प्रेरित किया। अपने 'गाइड टू लंदन' में रोजाना स्नान की जरूरत पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि "स्वच्छता भक्ति से बढ़कर है।" दूसरे लेख "अवर इनसेनिटेशन" में उन्होंने लिखा है कि "वीरों, स्वराज्य केवल स्वच्छता द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।"

निष्कर्ष : महात्मा गाँधी को स्वच्छ भारत का आइकन चुनकर, भारत ने एक बार फिर से राष्ट्रपिता में अपना विश्वास जता दिया है। आमतौर पर एक क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़े बिना ही गाँधी हर तरह से एक क्रांतिकारी थे। हर भारतवासी के जीवन में सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए गाँधी जी द्वारा किए गए प्रयास वाकई में तारीफ के लायक हैं। वह स्वच्छता की मशाल को भारत सहित कई देशों में वह क्रांति प्राप्त करने करने के लिए खुद लेकर गए जिसे वे देखना चाहते थे। अगले साल महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगांठ मनाई जानी है। यह हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ भविष्य वाले भारत का उनका सपना पूरा करने के लिए एक स्वच्छ देश बनाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

महात्मा गाँधी का जीवन एवं कार्यों की चित्र प्रदर्शनी

महात्मा गाँधी का जन्मस्थल
काठियावाड़, पोरबन्दर

महात्मा गाँधी के पिता
करमचंद गाँधी

महात्मा गाँधी की माता
पुतलीबाई

सात वर्षीय मोहन,
शर्मीले और एकांतप्रिय

युवा मोहन की प्रारम्भिक शिक्षा का स्थल
एलफ्रेड हाई स्कूल, राजकोट

मैट्रिकुलेशन के पश्चात मोहन कानून
की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड गए

सन् 1896 और 1901–02 में वकील
के रूप में जोहानिसबर्ग में मोहन



गाँधी जी के प्रेरणा स्रोत रायचंद भाई,
रस्किन और टॉल्स्टॉय

गाँधी जी द्वारा 1904 में स्थापित
फीनिक्स आश्रम, डरबन
यह गाँधी जी का सामुदायिक जीवन का पहला
प्रयोग था जहां उन्होंने साधारण जीवन अपनाया।

गाँधी जी के जर्मन दोस्त कैलनबैक द्वारा भेंट की
गई जमीन पर 1910 में टॉल्स्टॉय फार्म की स्थापना की
यहां आश्रमवासी एकसाथ रहकर कार्य करते वह आश्रम
के नियम व अनुशासन का पालन करते।

1899–1902 के बोअर युद्ध और 1906 के जुलू विद्रोह
में गाँधी जी और उनकी भारतीय स्वयंसेवकों की
एम्बुलेंस कोर ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं दी

दक्षिण अफ्रिका में भारतीयों के संघर्ष को लेकर
गोपाल कृष्ण गोखले, सर्वेन्ट ऑफ इंडिया
सोसाइटी के संस्थापक, उन्होंने अक्टूबर 1912
में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की।

जब सरकार ने याचिकाओं पर ध्यान नहीं दिया तब
गाँधीजी ने सैकड़ों भारतीय–पुरुषों, महिलाओं और
बच्चों के साथनातात से ट्रांसवाल के लिए
ऐतिहासिक पैदल मार्च की शुरुआत की।

निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह आंदोलनों ने दमनकारी
कानूनों की शांतिपूर्ण अवज्ञा का रूप धारण कर लिया और
ऐसी अवज्ञा का दंडरूपी प्रतिकूल भारतीय समुदाय ने
बहादुरी से भुगता। दक्षिण अफ्रीका अन्याय और बुराई को
दूर करने की प्रयोगशाला बना

महात्मा गाँधी ने किंग्सले हॉल के बाहर पौधरोपण किया

गोलमेज सम्मेलन के बाद गांधी जी स्विट्जरलैंड में मशहूर विद्वान रोमां लां से मिले और बातचीत की

गोलमेज सम्मेलन से वापसी के बाद 4 जनवरी को सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करके यरवदा जेल भेज दिया

जनवरी 1934 में बिहार में भयावह भूकंप आया गाँधी जी भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे



गाँधीजी ने हरिजन उत्थान के लिए यात्राएं की जो अधिकांशतः दक्षिण की थी यहां उन्हें भरपूर समर्थन मिला

गाँधीजी ने कुष्ठ रोगियों की सेवा की, आश्रम में कुष्ठ रोगी परचुरे शास्त्री की सेवा करते गाँधी जी

गाँधीजी एक सभा में समय पर पहुंचने के लिए साइकिल चला कर गए।

गाँधीजी ने अपने सार्वजनिक जीवन में तृतीय श्रेणी में ही यात्राएं की।

गांधीजी के लिए चरखा जीवन का पहिया था और करोड़ों ग्रामीणों के लिए वर्ष भर में कुछ महीने कृषि कार्य के पश्चात् खाली रहते थे, उनकी नाममात्र की आय में कुछ पैसों की वृद्धि करने का यह एक सहज और सुगम साधन बन गया। गाँधीजी ने स्वयं भी अपने सभी खाली समय में चरखा कातकर ग्रामीणों के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया।

